Thank you all who sent me kind words and wishes; always appreciated. @MehrTarar

महोत्सव में छाया ब्लैक पॉट, टेराकोटा और हैंडलूम साड़ी का जादू

» आजमगढ़ महोत्सव शुरू, लोक निर्माण मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने किया इनॉगरेशन

» आठ दिनों तक चलेगा फेस्ट

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (13 March): आजमगढ़ की संस्कृति और शिल्प का सजीव चित्रण नजर आया आजमगढ़ महोत्सव में. आठ दिवसीय महोत्सव इंडियन ट्रस्ट फॉर हैरिटेज एंड डेवलपमेंट संस्था और पर्यटन विभाग के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है. फ्राईडे को महोत्सव का उद्घाटन लोक निर्माण मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने किया. इस मौके पर पर्यटन मंत्री ओम प्रकाश सिंह भी मौजूद रहे. महोत्सव में शिल्प कला के 17 स्टॉल लगाए गए हैं.

हस्तशिल्प की खूबसूरत कृतियां

आजमगढ़ महोत्सव में नायाब हस्त शिल्प की कला-कृतियां देखने को मिली. एक तरफ निजामाबाद के उत्तम काली मिट्टी के बर्तन

PICS: I NEXT

लखनवाइट्स को खूब पंसद आया मिट्टी के बर्तनों का स्टॉल

फेस्ट में आए लोगों ने चाक पर भी आजमाया हाथ

तो दूसरी तरफ मुबारकपुर के हथकरघा बुनाई की खूबसूरत साड़ी देखने को मिली. महोत्सव में कुल 17 स्टॉल गए गए हैं. जिसमें सात स्टॉल हथकरघा साड़ी के और दस ब्लैक पाटरी और टेराकोटा के है. स्टॉक प्रदर्शनी में लोगों ने न केवल टेराकोटा के बर्तन बनाने का हुनर सीखा बल्कि जमकर खरीदारी भी की.

शास्त्रीय संगीत का अनूठा संगम

महोत्सव में आजमगढ़ के हरिहरपुर घराने के प्रख्यात कलाकार पं. दीनानाथ मिश्र, पं. भोला नाथ मिश्र, पं. विश्वनाथ मिश्र, पं. सुदर्शन मिश्र और पं. शम्भूनाथ मिश्र संगीतमय कार्यक्रम में शास्त्रीय संगीत का समां बांधेंगे.